## खबर संक्षेप

### पुलिस ने पकड़ी अवैध कच्ची शराब

**शहडोल।** थाना गोहपारू क्षेत्रांतर्गत अवैध शराब बिक्री करने कि मुखबिर सूचना पर पुलिस ने ग्राम अंकुरी, थाना गोहपारू में दबिश देकर आरोपिया रामावतार सिंह की पत्नी, निवासी ग्राम अंकुरी, थाना गोहपारू, शहडोल के कब्जे से 06 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 600 रूपये की मौके पर जप्त की गई। पुलिस द्वारा आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी गोहपारू के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक भुनश्वर सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।थाना सोहगपुर क्षेत्रांतर्गत अवैध शराब बिक्री करने कि मुखबिर सूचना पर पुलिस ने ग्राम कुदरी, थाना सोहगपुर में दबिश देकर आरोपी राजेश बैगा पिता ललुआ बैगा उम्र 32 वर्ष, निवासी ग्राम कुदरी, थाना सोहागपुर, शहडोल के कब्जे से अवैध कच्ची महुआ शराब मौके पर जप्त की गई। पुलिस द्वारा आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सोहागपुर के नेतृत्व में सउनि. रामनारायण पाण्डेय की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### 27 नग मवेशी किए पुलिस ने जप्त, तीन के खिलाफ मामला दर्ज



**शहडोल।** थाना जैतपुर क्षेत्रांतर्गत चौकी दर्शिला में दौरान कस्बा भ्रमण के मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग अवैध रूप से मवेशियों को क्रूरतापूर्वक पीट-पीटकर ग्राम भूमकार जंगल की तरफ से कोतमा की ओर ले जा रहे हैं। सूचना पर दर्शिला पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए सूचना स्थान पर दबिश देने पर भूमकार जंगल में सघन खोज-बीन शुरु की गई जिसपर 03 व्यक्ति 09 नग बैल, 18 नग नाटा कुल 27 नग (मवेशियों) को क्रूरतापूर्ण तरीके से हांकते, रगड़ते, दौड़ाते हुये ले जा रहे थे। उक्त व्यक्तियों को रोककर पूंछताछ करने पर नाम पूछने पर एक ने अपना नाम सुरेश अहिरवार पिता रामदास अहिरवार उम्र 28 साल निवासी करहीटोला तथा दुसरे ने अपना नाम कैलाश पिता रामनाथ अहिरवार उम्र 27 साल निवासी करहीटोला एवं तीसरे ने अपना नाम विनोद पिता केमला अहिरवार उम्र 21 साल निवासी घुनघुटा महौरटोला का होना बताया। बैल एवं नाटा को कोतमा होते हुए (छ.ग.) के रास्ते उत्तर प्रदेश तरफ ले जाने के लिये ले जाना बताया। 9 नग बैल तथा 18 नग नाटा के खरीद की रशीद दस्तावेज के विषय में पूछा गया, जो अपने पास कोई भी दस्तावेज उपलब्ध नहीं होना बताया। जिस पर दर्शिला पुलिस द्वारा उक्त 27 नग मवेशियों को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध पशुक्रूरता अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

### 27 फरवरी को आयोजित होगा जिला पेंशन फोरम की बैठक एवं सम्मान समारोह

**हरिभूमि न्यूज।** जिले में लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण एवं पेंशनर्स की समस्याओं के समाधान हेतु कलेक्टर की अध्यक्षता में 27 फरवरी 2025 को दोपहर 12:00 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पेंशन फोरम की बैठक तथा सेवा निवृत्त शासकीय सेवकों का सम्मान समारोह आयोजित की जाएगी। उक्त बैठक/सम्मान समारोह में समस्त पेंशनर्स भी उपस्थित रहेंगे।

### कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने ई.व्ही.एम. स्ट्रॉंग रूम का किया निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नेहा मारव्या ने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित ई.व्ही.एम. स्ट्रॉंग रूम का मासिक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने स्ट्रांग रूम सील, सीसीटीव्ही कैमरे, रजिस्टर पंजी का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान सभी व्यवस्था दुरूस्त एवं ठीक पाई गई। ई.व्ही.एम. और व्ही.व्ही.पी.ए.टी. मशीनों की सुरक्षा में लगे सुरक्षा कर्मियों को निर्देश दिये कि ई.व्ही.एम. व्ही.व्ही. पी. ए. टी. मशीनों की सुरक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

## टेस्टिंग के बाद नहीं हुई वाटर सप्लाई, स्वच्छ पेयजल की बाट जोह रहे ग्रामीण

# पांच वर्षों से धूल फांक रही पंचायत की नवनिर्मित पानी की टंकी

**शहडोल।** उमरिया जिले के पाली जनपद अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायतें भ्रष्टाचार के मामले में शायद पूरे संभाग को पीछे छोड़ चुकी हैं। यह स्थिति यहां निकम्मे व अयोग्य कप्तान के कारण हुई है। निर्माण कार्यों में धांधली, वेण्डर संस्थाओं का फर्जीवाड़ा, आवासीय योजनाओं में शासन व हितग्राहियों का गला काटने जैसी कारस्तानियां तो जमकर चल ही रहीं हैं यहां अन्य सुविधाओं से संबंधित कार्यों में भी लापरवाही बरती जा रही है। सडक़ों का निर्माण, स्टापडेम आदि के लिए गलत जगह चयन किया जा रहा है और ऊपर से घटिया निर्माण कराकर कमीशन की बंदरबांट की जाती है। संभाग मुख्यालय से लगी ग्राम पंचायत सलैया का भी यही हाल है। यहां करीब पाचं वर्षों पूर्व ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने लाखों रुपए खर्च कर पानी की टंकी बनवाई गई थी। शासन की मंशा यह थी कि टंकी बनवाकर और बोर सुविधा के माध्यम से स्वच्छ पानी ग्रामीणों के घरों मे सप्लाई किया जाए। टंकी तो बन गई लेकिन पानी की व्यवस्था आज तक ठप्प पड़ी है। न टंकी चालू हुई न ग्रामीणों को पानी मिल रहा है। शासन द्वारा लाखों रुपए व्यय किए जाने के बाद भी ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल की सुविधा नही मिल पा रही है। ज्ञातव्य है कि इस मामले में ग्रामीण उमरिया जिला प्रशासन से लेकर संभागायुक्त तक सभी का ध्यान आकृष्ट करा कर उनसे पेयजल व्यवस्था चालू कराने की मांग कर चुके हैं, लेकिन कहीं सुनवाई नहीं हो रही है। ग्रामीणों को सबसे अधिक कठिनाई गर्मी के दिनो में झेलनी पड़ती है। हैरानी की बात यह है कि संभाग स्तर के अधिकारी भी आसपास क्षेत्रों का भी जायजा लेना जरूरी नही समझते हैं।





### ग्रामपंचायत व विभाग उदासीनता बरत रहे

ग्रामीणों ने बताया कि टंकी का निर्माण लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग ने पांच वर्ष पहले कराया था, तब यह निर्णय लिया गया था कि, टंकी से ग्रामीणों के घर तक पाइप लाइने बिछा कर उन्हे पानी दिया जाएगा। लेकिन टंकी बन जाने के बावजूद ग्रामीणों को पानी नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीण हैण्डपंपों के बूते अपनी प्यास बुझा रहे हैं, गर्मी के समय हैण्डपंपों का भी जल स्तर नीचे सरक जाता है और हैण्डपंप भी जवाब दे जाते है, गर्मी की भीषण तपन में जबकि लोग प्यास से बेहाल रहते हैं तब यहां पानी दूभर हो जाता है। बूंद-बूंद पानी के लिए यहां विवाद और झगड़े की स्थिति निर्मित होती है। टंकी का काम कुछ वर्षों से बंद पड़ा है। लेकिन सप्लाई नही दी जा रही है। टंकी की सप्लाई सिस्टम को जांचने हेतु टंकी की टेस्टिंग पूर्व में ही की जा चुकी है। यहां हैण्ड ओव्हर का मामला भी गतिरोध पैदा कर रहा है। पीएचई का कहना है कि उसने टंकी बना दिया है टंकी को हैण्डओवर करना जरूरी है। लेकिन पीएचई कहती है कि पंचायत, टंकी को हैण्डओवर लेने की बजाय यह कह कर मना कर चुकी है कि टंकी में अभी कुछ काम बाकी है। पहले काम पूरा करो फिर टंकी ले ली जाएगी। जबकि दूसरी ओर पीएचई का कहना है कि जितना प्राक्कलन था उतना पूर्ण कर दिया गया है।

### लावारिस सी पड़ी है निर्मित टंकी

सलैया पंचायत में बनी टंकी का कोई माई-बाप नहीं होने से वह बनने के बाद से आज तक बंद पड़ी है, उसकी कोई देख रेख नहीं कर रहा है। जबकि अब तक ग्रामीणों को पानी मिलना चाहिए था। टंकी का उपयोग नही होने से वह दिनोदिन बदहाल होती जा रही है। ग्रामीणों के लिए शासन ने लाखों रुपए फूंक दिए लेकिन स्थानीय अमले के निकम्मेपन के कारण उसका कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीण आज भी हैण्डपंपों के मोहताज हैं। पंचायत के प्राकृतिक जलस्त्रोत लगभग सूखते जा रहे हैं। मार्च अप्रैल तक में इनमें बूंद भर भी पानी नहीं मिलेगा। ऐसी स्थिति में ग्रामीण पानी के लिए दूर दराज भटकने को विवश हो जाएंगे। ज्ञातव्य है कि एक बार तो गर्मी में इस पंचायत में जल परिवहन की भी नौबत आ चुकी है। प्रशासन द्वारा चूंकि काम करा दिया गया है, इसलिए उसने अपने दायित्व की इतिश्री मान ली है। अधिकारी मौका मुआयना करने भी कभी नहीं आते हैं, इसके अलावा पंचायत द्वारा भी सघनता से प्रयास नहीं किया जा रहा है।

### नल कनेक्शन नहीं हो रहे

घर घर पेयजल आपूर्ति के लिए इस तरह के निर्देश दिए गए थे कि टंकी से लेकर टोले मोहल्ले तक घरों में पानी के कनेक्शन दिए जाएं, जब टंकी का निर्माण पूर्ण होने वाला था तब उसी समय कुछ घरों में नल कनेक्शन कर दिए गए थे। इसके बाद टंकी की टेस्टिंग कर ली गई और फिर कनेक्शन का काम ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। अब पाइपों का विस्तार नहीं किया जा रहा है। ग्रामीण नल सुविधा चाहते हैं और वे बिलों का भुगतान करने को भी राजी हैं। लेकिन इसके बावजूद सुविधा में खलल पड़ी हुई है। वास्तव में ग्राम पंचायत भी उदासीनता बरत रही है, यदि वह सक्रिय हो जाए और प्रशासन को रिपोर्ट भेजने लगे तो स्थिति विपरीत हो जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि ग्रामपंचायत से बार बार कहा जाता है, लेकिन वह टाल मटोल करती है।

### आपरेटर की व्यवस्था नहीं

ग्रामीणों ने बताया कि पानी टंकी के लिए एक मोटर पंप आपरेटर की आवश्यकता होती है, आज तक यहां आपरेटर नहीं रखा गया है। इसलिए टंकी भरने, बोर चालू करने और टंकी भरकर सप्लाई देने का काम कौन करेगा यही तय नहीं हो पा रहा है। यह कार्य पंचायतों को अपने स्तर से करना था, लेकिन आज तक सरपंच व सचिव टंकी के लिए आपरेटर नहीं ढूंढ़ सके। उनका कहना है कि पहले पीएचई अपनी जिम्मेदारी पूर्ण करे इसके बाद पंप आपरेटर भी तलाश लिया जाएगा। लेकिन इसी पंचायत के प्रतिनिधि यह बता चुके हैं कि ऑपरेटर सस्ते दाम पर नहीं मिल रहा है, उसका वेतन दे पाना पंचायत के वश में नहीं है। उसकी व्यवस्था ग्रामीणों के बिल से की जाएगी। ग्रामीण नल सुविधा लेकर भुगतान करें। जो पंचायत के लिए करना आवश्यक होगा वह कर दिया जाएगा। इस तरह वर्षों से टंकी बनी पड़ी है लेकिन न तो उसका उपयोग हो रहा है और न लोगों को स्वच्छ पानी ही मिल पा रहा है।

# आधी रात डीजे का शोर करने पर वाहन व डीजे हुए जप्त

**शहडोल।** गोटिवान मोहल्ला सीधी मे लोकनाथ सिंह गोंड के घर के सामने एक पिक-अप गाड़ी बीच रोड में आवागमन को बाधित करते हुये खड़ी थी, जिससे आम-जन को आने जाने में अवरोध एवं असुविधा हो रही थी, वाहन के पीछे ट्रॉली में डी.जे. साउण्ड बाक्स अत्यधिक तेज आवाज में बज रहा है, जो की रात्रि के लगभग 12 बजे थे। सूचना पर तत्काल रवाना होकर मौके पर पहुंचकर पिकप चालक दिलीप सिंह गोंड पिता खुलन सिंह गॉड उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम कुण्डाटोला थान सीधी एवं डी.जे. मालिक ललन सिंह सार्टे निवासी खडग़ड़ी से बीच रोड़ में गांड़ी खड़ी कर यातायात बाधित करने तथा डी.जे. साउण्ड बजाने की वैध एवं लिखितअनुमति चाही गई, जो नहीं पेश किये और नहीं होना बताये तथा यातायात बाधित करते हुये बिना अनुमति के डी.जे. साउण्ड बाक्स बजाते पाया गया और सार्वजनिक शांति में बाधक बना है। जिससे सीधी पुलिस द्वारा यह कृत्य बी.एन.एस. व म.प्र. कोलाहाल नियंत्रण अधिनियम 1985 तहत उल्लंघन का अपराध घटित्त पाये जाने से वाहन पिक-अप एवं उसमें लोड बंधा डी.जे. साउण्ड बाक्स 07 नग, ए पलीफायर 02 नग, डीजल चलीत जेनरेटर तथा मरकरी लाईट को जप्त किया गया एवं आरोपी चालक दिलीप सिंह गोंड, एवं डी.जे. मालिक ललन सिंह सार्ट के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

### पुलिस की दबिश में दो बालिकाएं हुई दशतयाब

**शहडोल।** पुलिस अधीक्षक शहडोल द्वारा लंबित गुमशुदगी नाबालिग बालक/बालिका के प्रकरणों की समीक्षा की गई थी। जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रत्येक प्रकरणों का आवलोकन कर थाना प्रभारियों को दस्तयाबी हेतु समुचित निर्देश दिये गए थे,जिसके तारतम्य में थाना सोहागपुर पुलिस द्वारा 2 प्रकरणों में नाबालिग बालिका की दस्तयाबी की गई। थाना सोहागपुर अंतर्गत अज्ञात व्यक्ति द्वारा 16 वर्षीय नाबालिग बालिका को बहला फुसलाकर भगा ले जाने की गुमशुदा रिपोर्ट परिजनों द्वारा दर्ज करायी गई थी। जिस पर सोहागपुर पुलिस द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जिसके उपरांत सोहागपुर पुलिस द्वारा परिजनों से महत्तवपूर्ण जानकारी इकट्ठा कर पतासाजी की गई एवं सूचना मिलने पर दस्तयाबी हेतु तत्काल रवाना हुए। जिस पर नाबालिग बालिका को स्थानीय ग्राम देवगवां, थाना सोहागपुर, शहडोल (म.प्र.) से दस्तयाब कर सही सलामत परिजनों को सुपुर्द किया। थाना सोहागपुर अंतर्गत अज्ञात व्यक्ति द्वारा 15 वर्षीय नाबालिग बालिका को बहला फुसलाकर भगा ले जाने की गुमशुदा रिपोर्ट परिजनों द्वारा दर्ज करायी गई थी। जिस पर सोहागपुर पुलिस द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जिसके उपरांत सोहागपुर पुलिस द्वारा परिजनों से महत्तवपूर्ण जानकारी इकट्ठा कर पतासाजी की गई एवं सूचना मिलने पर दस्तयाबी हेतु तत्काल रवाना हुए। जिस पर नाबालिग बालिका को स्थानीय ग्राम सलैय्या, थाना बिरसिंहपुर पाली, जिला उमरिया (म.प्र.) से दस्तयाब कर सही सलामत परिजनों को सुपुर्द किया।

# खुदाई की गैर नियोजित कार्यप्रणाली में सुधार नहीं, सड़कों की दुर्दशा

### एक ही जगह कई बार करनी पड़ती है खुदाई, आवाजाही में असुविधा

**शहडोल।** शासन और ठेकेदारों की गैरनियोजित और अव्यवस्थित कार्य प्रणाली से कितनी परेशानियां उठ खड़ी होतीं हैं इसका उदाहरण है विकास के नाम पर की जा रही जमीन की खुदाई का कार्य। एक ओर नगर में सीवर लाइन के कार्य ने सडक़ों का हाल बेहाल कर दिया है वहीं विकास का अब सारा कार्य पाइपों और केबिलों पर आश्रित हो चुका है, जिनकी व्यवस्था जमीन के अंदर की जाती है। इसीलिए आए दिन जमीन की खुदाई की जाती है और सडकों पर आवाजाही की फजीहत तो होती ही है धूल गर्दा से जीना भी दुश्वार हो जाता है। नलों की पाइपें फोड़ दी जाती हैं इस कारण पानी भी नहीं मिल पाता है। हैरानी की बात यह है कि इतने व्यापक पैमाने पर किए जा रहे कार्यों का पूर्वानुमान व असावधानियों के खतरे का आकलन कंपनियों के अफसरान नहीं कर पाते हैं और काम शुरू करा देते हैं। जमीन के अंदर जो पाइपें पहले से पड़ी होती हैं वे भी लापरवाही के कारण टूट जाती हैं।

### आए दिन खोदते हैं सडक़

ऐसा नहीं है कि एक बार खुदाई होने के बाद काम समाप्त हो जाए और राहत मिल जाए। किसी न किसी कारण बार बार खुदाई की जाती है। सड़क और उसकी पटरी सुरक्षित नही रह पाती है। एक बार सीवर लाइन बिछाने के लिए जमीन की गहरी खुदाई हो गई। उसका काम खतम नहीं हुआ कि गैस की पाइप लाइन उसके ठीक बगल से खोदी गई। यहां पता चला कि पहले से ही एक मोबाइल कंपनी की केबिल नीचे बिछी हुई है। गैस पाइप जब बिछ गई तब वहीं पर फिर खुदाई शुरू कर दी गई। जब उनसे पूछा गया कि आप कौन हैं और अब जमीन क्यों खोद रहे हो तो ज्ञात हुआ कि वे उस मोबाइल कंपनी के कर्मचारी हैं जिसने सबसे पहले जमीन खोदकर अपनी केबिल नीचे डाली थी। चूंकि गैस पाइप वालों के लेबरों ने खुदाई करते समय उनकी केबिल कई जगह से तोड़ दी है इसलिए अब वे उसमें सुधार करने के लिए जमीन खोद रहे हैं। अभी आगे और कितनी बार खुदाई होगी पता नहीं।

### बार बार मोबाइल कंपनियों का काम

सबसे पहले मोबाइल कंपनी के कर्मचारियों द्वारा जमीन खोदी गई थी, इसके बाद गैस पाइप वालों ने जमीन खोदी अब सीवर लाइन वाले जमीन खोद रहे हैं। इसके साथ ही गैस पाइप वाले पुनः जमीन खोद रहे हैं। इनका काम पूरा हो नहीं पा रहा है कि मोबाइल फोन वाले अपनी क्षतिग्रस्त केबिलों को सुधारने के लिए जमीन खोदने लगे हैं। हर दिन एक नई कंपनी अपने तार पाइप लेकर खड़ी हो जाती है और धरती चीरने लगती है। इनका काम तो हो जाता है लेकिन जनता पर क्या बीतती है इसका कोई अनुमान नहीं लगाया जाता है।

### जनमानस की परेशानी बढ़ाते हैं

विकास कार्यों से शायद ही किसी को तकलीफ होगी। लेकिन विकास के नाम पर जिस गैर जिम्मेदाराना तरीके से काम किए जाते हैं वे लोगों की तकलीफ का कारण बन जाते हैं। एक तो हर बार सड़क के एक ही ओर खुदाई कराई जाती है। सबका विकास सड़क के एक ओर से ही होता है। अगर खुदाई के लिए दोनों ओर के किनारे उपयोग में लाए जाएं तो शायद इतनी परेशानी नहीं होगी। इस कार्य में नगरपालिका उदासीन सी बनी रहती है और नागरिक धूल गर्दों से जूझते रहते हैं। पानी की समस्या झेलते रहते हैं। कोई सुनवाई नहीं होती है, संभाग मुख्यालय शहडोल इस समय लावारिस सा प्रतीत होता है।

# कलेक्टर नेहा मारव्या ने खनिज विभाग की समीक्षा बैठक ली



**हरिभूमि न्यूज।डिंडोरी**

कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में खनिज विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। उक्त बैठक में सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, अपर कलेक्टर सुनील शुक्ला सहित खनिज विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने खनिज विभाग के कार्यों की समीक्षा की। जिसमें बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में निर्धारित राजस्व लक्ष्य का 65.77 प्रतिशत प्राप्त कर लिया गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में अवैध उत्खनन/परिवहन/भण्डारण के दर्ज प्रकरणों की जानकारी में बताया गया कि अवैध उत्खनन के दर्ज 15 प्रकरणों में 10 निराकृत कर लिया गया है, जिससे 8,32,500 रूपए अर्थदण्ड वसूल की गई है। इसी प्रकार से अवैध परिवहन के दर्ज 42 प्रकरणों में से 33 प्रकरण का निराकरण कर 17,05,694 रूपए की अर्थदण्ड वसूल की गई, अवैध भण्डारण के दर्ज 3 प्रकरणों में से 1 प्रकरण का निराकरण कर 45,309 रूपए की अर्थदण्ड वसूल की गई है। जिले में स्वीकृत खनि रियायतों में उत्खनिपट्टा (पत्थर, गिट्टी) के 55 खदान, खनिपट्टा (ऑक्शन ब्लॉक) बाक्साइट का 1 खदान, नीलाम खदान (रेत) के 7 खदान और उत्खनन अनुज्ञा (शासकीय निर्माण कार्यों हेतु) पत्थर/गिट्टी के 6 खदान स्वीकृत हैं। कलेक्टर नेहा मारव्या ने स्वीकृत खदानों के अतिरिक्त नदी या नालों से अवैध उत्खनन न हों इसलिए सतत निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अवैध उत्खनन एवं अन्य अवैधानिक गतिविधियों को रोकने के लिए संयुक्त दल साथ में कार्यवाही सुनिश्चित करें। संयुक्त दल में वन विभाग और राजस्व विभाग, खनिज विभाग के साथ समन्वय कर ऐसी गतिविधियों पर रोक लगायें। ग्रामीण क्षेत्रों के स्थानीय मार्गों से ओवरलोडेड वाहन निकलने के कारण सड़क क्षतिग्रस्त होती हैं, ऐसे ओवरलोडेड वाहनों पर कार्यवाही करें। वाहनों के लिए एक निश्चित मार्ग सुनिश्चित कर वाहन चालकों को मार्ग के बारे में बतायें। खनिज संबंधी रॉयल्टी की प्राप्ति उचित रूप से हो इसकी जांच करें एवं रॉयल्टी जमा कराना सुनिश्चित करें। अवैध कार्य में संलग्न संबंधितों पर उचित कार्यवाही करें।

# आंगनबाड़ी केन्द्रों के किचन गार्डन/ परिसर में पपीता के पौधे लगायें: कलेक्टर

**हरिभूमि न्यूज।डिंडोरी।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत आंगनबाडी केन्द्रों में संचालित गतिविधियों के संबंध बैठक ली। उक्त बैठक में एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री श्याम सिंगौर, उप संचालक कृषि सुश्री अभिलाषा चौरसिया सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर नेहा मारव्या ने कहा कि सभी परियोजना अधिकारी एवं सेक्टर सुपरवाईजर अपने मुख्यालयों में रहना सुनिश्चित करें। साथ ही आंगनबाडी केंद्रों का निरंतर भ्रमण करें। उन्होंने कहा कि आंगनबाडी केन्द्रों के कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केन्द्रों में भर्ती कर उन्हें कुपोषण की श्रेणी से बाहर लाएं। आंगनबाडी केन्द्रों में बच्चो को नियमित रूप से पोषण आहार, दूध एवं थर्ड मील का वितरण करें। उनका नियमित रूप से फॉलोअप करें। आंगनबाडी केन्द्रों में गर्भवती महिलाओं का नियमित रूप से स्वास्थ्य परीक्षण और टीकाकरण किया जाए। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने कहा कि आंगनबाडी केन्द्रों में शासन द्वारा संचालित गतिविधियां नियमित रूप से समय-सीमा में पूरा करें। इस कार्य में लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने कहा कि जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों के किचन गार्डन/परिसर में पपीता के पौधे लगायें और बच्चों को पपीता का फल खिलाएं, जिससे कुपोषित बच्चों को सुपोषित होने में मदद मिले। उन्होंने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी संचालित नाश्ते एवं भोजन के फोटोग्राफ्स पोषण ट्रेकर एप्प में नियमित रूप से अपलोड एवं मॉनीटरिंग करना सुनिश्चित करेंगे।

## खबर संक्षेप

### श्री शिव मंदिर के 20वें वार्षिकोत्सव समारोह का होगा आयोजन

**कोतमा।** पुराना ब्लाक हास्पिटल के सामने विकास नगर कोतमा मे अंगिरा प्रसाद शुक्ला के निवास मे श्री शिव मंदिर के 20वें वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया है जिसमे रामचरित मानस पाठ आज होगा वही कल सोमवार को प्रसाद वितरण एवं भण्डारे का आयोजन किया गया है।

### भूमि स्वामी आधार ई-केवायसी कार्य जारी



**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के निर्देशन जिले भर में भूमि स्वामी आधार ई-केवायसी का कार्य किया जा रहा है। ग्राम इंदवार, ग्राम कोटरी, ग्राम पंचायत रायपुर, ग्राम झलवार, ग्राम डोंगरी टोला, ग्राम मुगवानी, ग्राम भोलगढ़, ग्राम पंचायत मोहरोई, ग्राम पंचायत समर कोइनी में ई के वाय सी कार्य किया गया।

### सीएमओ उमरिया को सौपा गया नगर परिषद नौरोजाबाद का प्रभार

**उमरिया।** संभागीय संयुक्त संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास शहडोल संभाग शहडोल द्वारा जारी आदेश को तत्काल प्रभाव से निरस्त करते तथा सौरभ श्रीवास्तव (मूलपद-सहायक ग्रेड -01) नगर परिषद बुढार जिला शहडोल को मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद नौरोजाबाद के प्रभार से कार्यमुक्त करते हुए किशन सिंह ठाकुर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद उमरिया (म0प्र0) को अपने वर्तमान कार्यों के साथ-साथ मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद नौरोजाबाद जिला उमरिया का संपूर्ण प्रभार आगामी आदेश तक सौंपा गया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है।

### प्रदेश में कक्षा 5 और 8वीं की वार्षिक परीक्षा की समय-सारणी जारी

**उमरिया।** राज्य शिक्षा केन्द्र ने प्रदेश में कक्षा 5वीं और 8वीं की वार्षिक परीक्षा की समय-सारणी जारी कर दी है। प्रदेश की समस्त शासकीय, मान्यता प्राप्त आशासकीय और अनुदान प्राप्त शालाओं के साथ डाईस कोड प्राप्त मदरसों में वार्षिक परीक्षा 24 फरवरी से शुरू होंगी। सत्र 2024-25 की यह परीक्षाएँ 5 मार्च को समाप्त होंगी। परीक्षा की व्यवस्था को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग ने आवश्यक निर्देश जारी किये हैं। कक्षा 5वीं की वार्षिक परीक्षा का पहला प्रश्न-पत्र 24 फरवरी को होगा और अंतिम प्रश्न-पत्र एक मार्च 2025 को होगा। प्रश्न-पत्र निर्धारित समय-सारणी के अनुसार दोपहर 2 से शाम 4:30 बजे तक होगा। कक्षा 8वीं की वार्षिक परीक्षा का प्रश्न-पत्र 24 फरवरी को और अंतिम प्रश्न-पत्र 5 मार्च 2025 को होगा। स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित राज्य शिक्षा केन्द्र ने परीक्षा के आयोजन को लेकर जिला कलेक्टर्स को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये हैं। निर्देशों में कहा गया है कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के प्रावधान अनुसार निःशक्त विद्यार्थियों को अतिरिक्त समय और लेखक की सुविधा प्रदान की जाये। परीक्षा की समय-सारणी की जानकारी शालाओं को भी भेजी गयी है। इस दौरान सरपंच रोशन कोल ,सचिव शंकर लाल साहू , राम प्रसाद शुक्ला ,लखन शुक्ला अरविंद तिवारी सहित बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति रही ।

### रिश्वत लेने वाले बीआरसी बड़वारा की प्रतिनियुक्ति समाप्त

**कटनी।** अशासकीय विद्यालय संचालन हेतु नवीन मान्यता की कार्यवाही हेतु दस हजार रूपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हांथों पकड़े गए विकासखंड बड़वारा के जनपद शिक्षा केन्द्र के विकासखंड स्त्रोत समन्वयक मनोज कुमार गुप्ता की प्रतिनियुक्ति समाप्त कर उनके मूल विभाग स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय कटनी के लिए कार्यमुक्त किया गया है।

कल्लवाह परिक्षेत्र के बाड़े में छोड़े गए, डॉक्टर कर रहे निगरानी

# सतपुड़ा से बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व पहुंचे 12 गौर

उमरिया। बाघों के लिए विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में बाघों के साथ अब गौर भी पर्यटको को दिखाई देंगे। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व से गौर लाये गये हैं। 20 से 27 फरवरी तक गौर को लाना है। गौर को लाने के लिए टीम बनाई गई। गौर की निगरानी के लिए डाक्टरो की टीम भी साथ में चल रही है। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के कल्लवाह परिक्षेत्र में 20 हैक्टेयर का बाड़ा बनाया गया है।



सतपुड़ा से आए गौरों को एक सप्ताह के लिए 2 हैक्टेयर बाडा में रखा जाएगा। एक सप्ताह के बाद बड़े बाड़े में छोड दिया जाएगा। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में गौर को ट्रेंकुलाइज किया जा रहा है। ट्रेंकुलाइज करने के लिए लगभग 100 से अधिक अधिकारी कर्मचारियों के साथ डॉक्टर की टीम भी लगी हुई है। ट्रेंकुलाइज करने के लिए गौर को मैदान में लाया जाता है। ट्रेंकुलाइज करने के बाद एक ट्रक में तीन या चार गौरो को लोड किया जाता है। उसके बाद डॉक्टरों की टीम गौर को लेकर बांधवगढ़ के लिए रवाना होती है। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व से बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की कल्लवाह परिक्षेत्र में गौर को आने के लिए लगभग 18 घंटे का सफर तय करना पड़ता है। सफर में डॉक्टरों की टीम और एक एसडीओ और एक रेंजर भी साथ में रहते हैं। 20 से 27 फरवरी तक बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में लगभग 25 से 30 गौर आने हैं। बांधवगढ टाइगर रिजर्व का बायसन प्रोजेक्ट 2 के तहत बायसन लाए जा रहे हैं। उपसंचालक पीके वर्मा ने बताया कि अभी तक 12 गौर आए हैं। लगातार गौर को लाने के लिए टीम तैनात हैं। निगरानी के लिए डाक्टर भी ट्रक के साथ चलते हैं।

# आदर्श महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस कार्यक्रम संपन्न



**उमरिया।** उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार शासकीय आदर्श महाविद्यालय उमरिया में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय भाषाओं एवं भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत मातृभाषा का महत्व ,मातृभाषा की उपयोगिता इत्यादि विषयों पर छात्र-छात्राओं ने निबंध प्रतियोगिता ,भाषण प्रतियोगिता ,प्रश्न मंच प्रतियोगिता एवं संगोष्ठी के अंतर्गत विषय विशेषज्ञों के माध्यम से मार्गदर्शन प्राप्त किया। कार्यक्रम का आयोजन आदर्श महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सी. बी. सोदिया के संरक्षण में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ प्रभारी आदित्य राय एवं सह प्रभारी डॉ राजीव तिवारी जी के संयोजन में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता के अंतर्गत छात्र-छात्राओं ने तकनीकी युग में मातृभाषा का अस्तित्व एवं चुनौतियां विषय पर अपनी लेखनी के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किया। जिसका सफल संयोजन डॉ विष्णुकांत तिवारी, डॉ प्रणीता त्रिपाठी ,सुनील हिरवे एवं उदित नारायण के संयोजन में किया गया। प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन मातृभाषा और उसका राष्ट्रीय परिदृश्य थीम पर डॉ स्वराज पाल ,डॉ रिचा तिवारी , हरीश शुक्ला के संयोजन में किया गया । महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय ,हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा की प्रोफेसर प्रीति सागर द्वारा क्षेत्र छात्राओं को एवं ऑनलाइन जुड़े सभी शिक्षा विद्वानों को मातृभाषा एवं भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर उत्कृष्ट व्याख्यान प्रस्तुत किया। ऑनलाइन एवं ऑफलाइन संगोष्ठी के संयोजन में डॉ जुगल किशोर,डॉ ब्रह्मानंद शर्मा , डॉ रूप लता चतुर्वेदी सहित महाविद्यालय के सभी अधिकारी कर्मचारी शिक्षक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# फेस पेंटिंग के जरिए युवाओं ने दिया जल और पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**उमरिया।** जल संरक्षण के उद्देश्य कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के मार्गदर्शन पर जिले की सक्रिय विभाग की टोली युवा टीम उमरिया द्वारा फेस पेंटिंग के जरिए जल संरक्षण का संदेश देकर व डोर टू डोर लोगों से संपर्क कर पानी को बचाने को लेकर गाँव व शहर में युवाओं और लोगों को जागरूक किया जा रहा है। जल संरक्षण वालंटियर हिमांशु तिवारी ने कहा कि लगातार दोहन के चलते हमारे पीने के लिए पानी की कमी होती जा रही है। जल ही हमारे जीवन का आधार है। भविष्य में पानी की ओर भी किल्लत होगी, इसलिए हमें आज से जल सरंक्षण पर ध्यान देना होगा।उन्होंने जल संरक्षण एवं संचयन की विशेषता को इंगित करते हुए कहा जल संरक्षण का अर्थ पानी की बर्बादी तथा प्रदूषण को रोकने से है। जल संरक्षण एक अनिवार्य आवश्यकता है, क्योंकि वर्षा जल हर समय उपलब्ध नहीं होता। अतः जल की कमी को पूरा करने के लिए जल संरक्षण अति आवश्यक है। जल संरक्षण वालंटियर खुशी सेन ने बताया कि अगर पानी का संरक्षण नही किया गया तो जीवन जीने की कल्पना नहीं की जा सकती।पानी ,स्वच्छता और पर्यावरण के संरक्षण के प्रति जन जन को जागरुक होना पड़ेगा।सिर्फ दो चार लोगों द्वारा इस तरह की समस्या को रोका नही जा सकता है।उन्होंने कहा कि इसके लिये बड़े पैमाने पर एक मुहिम चलाने की आवश्यकता है ।इस दौरान पर्यावरण मित्र हिमांशु तिवारी ,जल वॉलिंटियर वालंटियर खुशी सेन, खुशबू बर्मन ,लक्ष्मी महोबिया, मुस्कान महोबिया एवं सभी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को जिले भर के स्कूलों में देखा व सुना गया

# जिले के 1610 मेधावी छात्रों को लेपटाप खरीदनें अंतरित किए 4.25 करोड़ रूपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



मुख्यमंत्री डॉ0 मोहन यादव ने शुक्रवार को हायर सकेन्ड्री परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले कटनी जिले के 1610 मेधावी विद्यार्थियो को सिंगल क्लिक के माध्यम से लेपटॉप खरीदनें के लिए 4 करोड़ 2 लाख 50 हजार रूपये की राशि उनके बैंक खाते में अंतरित की। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों के खाते मे यह राशि भोपाल के प्रशासन अकादमी में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से प्रदेश के मेधावी छात्रों के साथ-साथ कटनी जिले के छात्रों के खाते मे भी लेपटॉप की राशि अंतरित की है। प्रत्येक छात्र को 25 हजार रूपये प्रति मान के मान से राशि अंतरित की गई है। भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कटनी जिले से दो विद्यार्थी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बहोरीबंद के छात्र हर्ष सोनी 92 प्रतिशत अंक एवं पुष्कर पब्लिक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उमरियापान की छात्रा संजना चौरसिया को 95.8 प्रतिशत अंक मिलने पर शामिल हुई थीं। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा लेपटॉप वितरण कार्यक्रम के सीधे प्रसारण को जिले भर के स्कूलों में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की मौजूदगी में देखा व सुना गया।

# कोयलांचल में मिले महाभारत काल से संबंधित सबूत

**कोतमा।** कोयलांचल सहित ग्रामीण क्षेत्र में रामायण काल और महाभारत काल के विभिन्न अंश देखने कथा सुनने को मिलता है। कोतमा विधानसभा क्षेत्र में सीतामढ़ी के निकटतम स्थान ग्राम रेउसा में पांगन पथरा चरण तीर्थ में रामायण काल के दौरान भगवान श्री राम के चरणों के निशान मिले हैं लोगों का मानना है कि रामायण काल के दौरान सीतामढ़ी और पांगन पथरा चरण तीर्थ में वनवास के कुछ समय व्यतीत किए हैं। इसके साथ ही महाभारत काल के दौरान राजा विराट की नगरी में अज्ञात वास के निवास करने के दौरान भीम नकुल और सहदेव के अल्पकाली निवास के कुछ किस्से कहानी चरण तीर्थ से जुड़े हुए हैं। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की सीमा पर स्थित सीतामढ़ी ग्राम जहां श्री राम के आगमन के कुछ सबूत मिले थे वहीं से चंद किलोमीटर की दूरी में रेउसा ग्राम के पांगन पथरा चरण तीर्थ में रामशिला लक्ष्मण शीला पांडव शिला आदि के साथ दर्जनों चरण के पद चिन्ह पंचकुंड एक गुफा और एक बाबली प्राचीन काल के मिले हैं जो रामायण और महाभारत काल से जुड़े हुए हैं। रेउसा ग्राम के ग्रामीणों द्वारा चरण तीर्थ स्थल पर पूजा पाठ और यज्ञ आरंभ किया जा रहा है। अब यह स्थान लोगों के दिल दिमाग में धार्मिक भावना जागृत कर रहा है और लोग इसे चरणजीत के नाम



से पुकार रहे हैं। रेउसा ग्राम के पांगन पथरा चरण तीर्थ में रामशिला, लक्ष्मण शिला, पांडवशिला के साथ दर्जनों चरण पादुका के चिन्ह मिले हैं। जिसके बाद छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सीतामढ़ी से यात्रा भी प्रारंभ की गई थी। रेउसा ग्राम स्थित चरण तीर्थ के विकास के लिए ग्रामीणों ने प्रशासन से इस पावन स्थल के संरक्षण और अनुदान की मांग की है। रेउसा गांव के पांगन पथरा में श्री राम महायज्ञ श्री राम कथा का आयोजन 20 फरवरी से किया जा रहा है। रामलीला का आयोजन भी किया जा रहा है। राम कथा व्यासमान सपीठाधीश्वर जगदगुरू रामानंदाचार्य रामललाचार्य महराज मानसपीठ खजुरी ताल के द्वारा किया जा रहा है। 21 फरवरी को ठाकुर बाबा धाम कोतमा से चरण तीर्थ क्षेत्र के लिए रथ यात्रा निकाली गई जो कोतमा नगर भ्रमण करते हुए रेउसा गांव के पांगन पथरा चरण तीर्थ स्थल पहुंची। भारी संख्या में लोगों ने शामिल होकर श्री राम महायज्ञ राम कथा में शामिल होने की नागरिकों एवं ग्रामीणों से अपील की है।

# महापौर ने कहा सफाई को लेकर कोई भी शिकायत नहीं आए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शहर की सफाई व्यवस्था एवं स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 को लेकर शुक्रवार को महापौर प्रीति संजीव सूरी ने स्वच्छता टीम के साथ बैठक लेकर सभी के कार्यों का बारीकी से अकलोकन किया। बैठक में महापौर सूरी ने सभी वार्ड दारोग़ाओं के क्षेत्र में कितने स्वच्छता कर्मी प्रतिदिन उपस्थित होते है तथा कितने अनुपस्थित होते है तथा किस वार्ड में कितने कर्मी कार्य में नियुक्त किए गए है,जानकारी लेते हुए सभी के उपस्थिति रजिस्टर की जाँच की और लंबे समय से बिना अनुमति के अनुपस्थित रहने वालों पर कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए।

महापौर ने कहा कि सभी सतर्क हो जाये शहर में सफाई को लेकर किसी भी प्रकार की शिकायतें नहीं आये,इसको लेकर सभी स्वच्छता निरीक्षक,वार्ड दरोगा कड़ी मेहनत के साथ कार्य करते हुए व्यवस्थाओं को दुरूस्त करें।साथ ही कुछ आवश्यक प्रमुख बिंदुओं जैसे कचरे को पृथक्करण,सभी सार्वजनिक स्थानों पर पर्याप्त मात्रा में डस्टबिन रखवाएं तथा लोगों को जागरूक व प्रेरित करें कि वे कचरे को डस्टबिन में ही डालें एवं कचरा रोड में फेकने वालों पर चेतावनी व चालानी कार्यवाही करे,डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण कार्य में कसावट लाएं,साथ ही पूजन सामग्री एकत्रित किए जाने हेतु फूल-माला गाड़ी नियमित रूप से शहर के सभी मंदिरों व घरों में भेजने, सफाई के बाद कचरे ज़मीन में खुला न छोड़े बैग में रखें,तथा सिंगल यूज़ प्लास्टिक प्रतिबंध हेतु सभी ठेले वालों,दुकान वालों को समझाइश देते हुए पुनः उपयोग करने वालों पर चालानी कार्यवाही करने के निर्देश दिए है।

बैठक के अगले क्रम में निगमायुक्त नीलेश दुबे ने कहा कि कचरे को गिरने से रोकने हेतु सभी अच्छी सुपरविजन के साथ नियमित रूप से फुल टाइम कार्य करते हुए लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लायें जिससे के शहर को स्वच्छ बनाया जा सके।

### शहर को बनाएं स्वच्छ व सुंदर

महापौर सूरी एवं निगमायुक्त श्री दुबे ने सभी स्वच्छता टीम को स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 हेतु कड़ी मेहनत व नागरिकों में जागरूकता के साथ शहर को सुंदर स्वच्छ बनाने के निर्देश दिए हैं साथ ही स्वच्छता के वातारवरण हेतु समस्त नागरिकों से सहयोग की अपील की है जिससे स्वच्छता की दृष्टि से कटनी शहर को उच्चतम स्थान में लाया जा सके।

# शिकायतों के निराकरण में कटनी चौथे स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण के मामले मे कटनी जिला प्रथम समूह के 28 जिलों में 84.84 वेटेज स्कोर और ए ग्रेड के साथ चौथे स्थान पर है। जिले ने सीएम हेल्पलाइन के निराकरण में ओवरऑल ए ग्रेड हासिल किया है। इसी के साथ - साथ पुलिस, नगर निगम और जिला पंचायत नें भी ए ग्रेड अर्जित किया है। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा सी.एम. हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण के नियमित अनुश्रवण और पर्यवेक्षण की वजह से कटनी जिले को ए ग्रेड मिला है। जनवरी 2025 में प्राप्त कुल 7 हजार 473 शिकायतों में से जिले नें 50.65 वेटेज स्कोर के साथ संतुष्टि के साथ शिकायतों का निराकरण किया है।

कलेक्टर दिलीप कुमार ने विभागों के अधिकारियों को सी.एम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में और अधिक संवेदनशीलता के साथ परिणामोन्मुखी प्रयास करने के निर्देश दिए है।

### पुलिस एवं ननि चौथे और जिपं नौवें पायदान पर

सी.एम हेल्पलाइन के शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण के मामले में कटनी पुलिस अपने समूह के जिलों मे चौथे स्थान पर रहा। कटनी पुलिस ने 89.88 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड हासिल किया और 54.34 वेटेज स्कोर के साथ शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया है। पुलिस विभाग को जनवरी माह में 742 शिकायतें प्राप्त हुई थी। जबकि नगर निगम ने जनवरी माह में प्राप्त कुल 449 शिकायतों में से 55.99 शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण किया गया। वहीं 94.34 कुल वेटेज स्कोर के साथ कटनी नगर निगम ने ए ग्रेड अर्जित किया है। जबकि जिला पंचायत कटनी को अपने समूह के जिलों में नौवा स्थान हासिल हुआ है।

# भारतीय भाषाएँ और ज्ञान परंपरा विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रधानमंत्री एक्सीलेंस ऑफ कॉलेज शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को भारतीय ज्ञान परंपरा और हिन्दी विभाग के तत्वावधान में अन्तर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर भारतीय भाषाएँ और भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसके साथ ही सुभद्राकुमारी चौहान और कृष्णा सोबती के पुण्यतिथि पर याद किया गया और उनके साहित्य पर भी प्रकाश डाला गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार वाजपेयी की अनुमति से संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रभारी प्राचार्य प्रो. एम.पी. यादव ने 21 फरवरी को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह दिवस भाषाई और सांस्कृतिक विविधता को बढ़ावा देने और बहुभाषिकता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मनाया जाता है। उन्होंने सभी से अपनी मातृभाषा के संरक्षण और संवर्धन में योगदान देने की अपील की, क्योंकि भाषा केवल अभिव्यक्ति का माध्यम ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पहचान और परंपरा का भी अभिन्न हिस्सा है।

संगोष्ठी में प्रो. जी.एम. मुस्तफा ने भारतीय भाषाई विविधता पर अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा केवल शास्त्रों और ग्रंथों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें भाषाओं का एक सांस्कृतिक पक्ष भी जुड़ा हुआ है। हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. माधुरी गर्ग ने भारतीय ज्ञान परंपरा के साहित्यिक और भाषाई पक्ष पर विचार रखते हुए हिंदी साहित्य की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने इस अवसर पर सुभद्रा कुमारी चौहान और कृष्णा सोबती को स्मरण किया और उनके साहित्यिक योगदान को विद्यार्थियों से साझा किया।

डॉ. प्रतिमा त्रिपाठी ने भाषा के महत्व को स्पष्ट करते हुए कहा कि भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि यह संस्कृति और इतिहास को समझने का भी एक महत्वपूर्ण साधन है।

## खबर संक्षेप

### भगवान श्री कृष्ण ने मित्र सुदामा के चरण आंसुओं से धोए

**सिलौंडी।** सिलौंडी के समीपवर्ती ग्राम घाना में चल रही भागवत कथा में कथावाचक ने भगवान श्री कृष्ण और सुदामा की मित्रता की कथा का प्रसंग सुनाया। भगवान श्री कृष्ण महाराजा होने के बाद भी अपने मित्र के आने की सूचना मिलने पर तुरंत दौड़कर मित्र को गले लगाकर बहुत रोए। मित्र सुदामा को सिंहासन में बैठकर उनके चरणों को आंसू से धोया है । भगवान श्री कृष्ण और सुदामा की मित्रता की अनोखी मिसाल बनाई है। कथावाचक का भाजपा नेता अनिल पांडे ने सम्मान कर आशीर्वाद लिया है। इस दौरान सरपंच रोशन कोल ,सचिव शंकर लाल साहू , राम प्रसाद शुक्ला ,लखन शुक्ला अरविंद तिवारी सहित बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति रही ।

### प्रौढ़ के पास से 8 हजार रूपए का गांजा जब्त

**कटनी।** कुठला पुलिस ने एक प्रौढ़ के पास से गांजा जब्त किया है। जानकारी के अनुसार पेट्रोलिंग के दौरान मदनपुरा रोड इण्डस्ट्रीयल एरिया के पीछे एक व्यक्ति संदिग्ध हालात मे मिला जो पुलिस को देखकर घबराने लगा जिसका नाम पता पूछा तो अपना नाम राम भरोस परौहा पिता विश्वनाथ उर्फ विषेश्वर प्रसाद परौहा 54 वर्ष निवासी झुकेही थाना अमदरा जिला मैहर का रहने वाला बताया जिसके पास रखे एक थैले में रखे सामान के बारे मे पूछताछ की गई जो सामान के बारे में बताने में आना कानी करने लगा । तलाशी लेने पर 773 ग्राम पदार्थ गांजा कीमती 8,000 रुपये मिला। गांजा जब्त कर आरोपित को गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही में निरीक्षक राजेन्द्र मिक्ष के नेतृत्व में उप निरीक्षक विनोद सिंह, प्रधान आरक्षक ताहिर खान, नन्दकिशोर, सुनील पाण्डेय, आरक्षक मनोज सिंह राजपूत एवं अन्य स्टाफ की भूमिका रही है ।

### स्वयंसवेकों को शिक्षा और रोजगार संबंधी दी जानकारी

**उमरियापान।** शासकीय महाविद्यालय उमरियापान की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा भनपुरा कला में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में स्वयंसेवकों द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता सहित जन जागरूकता कार्यक्रम किये जा रहे है। शिविर में उमरियापान थाना प्रभारी दिनेश तिवारी पुलिस स्टॉप के साथ पहुँचे। थाना प्रभारी ने शिक्षा का महत्व बताते हुए स्वयंसेवकों को जागरूक किया। इसके अलावा थाना प्रभारी ने रोजगार संबंधी जानकारियां भी स्वयंसेवको को दिया।

### नगर निगम इस बार भी टॉप फाइव में शामिल

**कटनी।** सीएम हेल्पलाइन के निराकरण में कटनी नगर निगम द्वारा इस बार भी शानदार प्रदर्शन करते हुए सभी जिलों को पीछे छोड़कर टॉप फ़ाइव रैंकिंग में अपना स्थान बनाये रखा है। निगमायुक्त नीलेश दुबे के कुशल मार्गदर्शन में इस बार ताजा रैंकिंग में कटनी नगर निगम ने पुनः टॉप फाइव रैंक हासिल कर जारी रैंकिंग में सीएम हेल्पलाइन के निराकरण के मामले में 94.34 के स्कोर के साथ चौथा स्थान प्राप्त कर ए ग्रेड प्राप्त किया है।

### अजा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिये आवेदन की अंतिम तिथि 25 फरवरी

**कटनी।** आयुक्त अनुसूचित जाति विकास म.प्र. भोपाल द्वारा 09 जनवरी 2025 में दिये गये निर्देशानुसार शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के नवीन, नवीनीकरण आवेदन के लिये अनुसूचित जाति पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिये एम.पी.टास पोर्टल एवं 2.0 एनआईसी पोर्टल 25 फरवरी 2025 तक खोला गया है। निर्धारित तिथि तक सभी विद्यार्थियों से अप्लाई कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं । सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग ने सभी शासकीय, अशासकीय महाविद्यालय जिला छिंदवाड़ा के संस्था प्रमुखों से संस्थान में अध्ययनरत अनुसूचित जाति पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के छात्र-छात्राओं को ऑनलाईन एम.पी. टास पोर्टल एवं 2.0 एनआईसी पोर्टल में निर्धारित तिथि तक सभी विद्यार्थियों से अप्लाई कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

---

**एसपी के निर्देश पर विभिन्न स्थानों में चलाया गया अभियान, काटे चालान**

# ओवरलोड सवारियां बैठाने वाले ई रिक्शा-ऑटो चालकों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर सहित राष्ट्रीय राजमार्गों में सवारी वाले तिपहिया वाहन चालक न सिर्फ यातायात नियमों को तार तार कर रहे हैं बल्कि लोगों की जान को भी खतरे में डाल रहे हैं। ओवरलोड सवारियां बैठाना एवं तेज रफ्तार आदत में शुमार है। आटो एवं ई रिक्शा की लापरवाही का खामियाजा कई बार सवारियों को भोगना पड़ता है। यातायात नियमों का माखौल उड़ाकर वाहन चलाने वाले आटो एवं ई रिक्शा चालकों के विरूद्ध पुलिस द्वारा कार्यवाही की गई है।



पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन में शुक्रवार को यातायात पुलिस द्वारा ऐसे वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही की गई, जिसमे क्षमता से अधिक सवारी को परिवहन कराया जा रहा था। यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडे के नेतृत्व में टीम के द्वारा ऑटो/ई रिक्शा चालकों के विरुद्ध विशेष अभियान संचालित कर शहर के विभिन्न प्वाइंटों एवं फिक्स प्वाइंट ड्यूटी में तैनात यातायात पुलिस कर्मी को अपने अपने प्वाइंट में चल रहे ओवर लोड ई रिक्शा चालकों को समझाइश देने एवं आवश्यकतानुसार वैधानिक कार्यवाही करने की समझाइश दी गई जिस पर सख्ती से चालानी कार्यवाही की गई।

थाना प्रभारी यातायात के नेतृत्व में ऑटो, ई रिक्शा चालकों के विरुद्ध रोको टोको अभियान चलाया गया। कार्यवाही पन्ना नाका, माधव नगर, मुख्य स्टेशन, चांडक चौक, मुड़वारा स्टेशन एवं शहर के सभी प्रमुख मार्गों में की गई। जिसमे कई वाहनों के चालान बनाए गए। चालानी कार्यवाही में जुर्माना भी वसूल किया गया। राहुल पांडे ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है, यदि यात्रियों के परिवहन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरती जाएगी तो पुलिस प्रशासन सख्ती से कार्यवाही करेगा। जिले में कार्यवाही जारी रहेगी। कार्यवाही में यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडे, एस.आई.राम कुमार झारिया, आरक्षक डुमन दास, आरक्षक मनोज दुवेदी सहित अन्य अधिकारियों कर्मचारी उपस्थित थे।

### ज्यादा कमाई के लालच में हादसे को दिया जा रहा न्यौता

गौरतलब है कि यातायात नियमों को दरकिनार कर ज्यादा कमाई के लालच में ऑटो एवं ई-रिक्शा चालक क्षमता से अधिक सवारी बैठाकर धड़ल्ले से फर्राटा भर रहे हैं। नाबालिग तक ई रिक्शा एवं आटो को दौड़ रहे हैं। कई तिपहिया वाहन चालक वाहनों के अंदर तेज आवाज में गाने भी बजाते हैं। हाइवे समेत नगर की सड़कों पर बिना लाइसेंस नाबालिग चालक धड़ल्ले से ऑटो चला रहे हैं। वहीं शासन के नए नियम लागू होने के बाद भी नगर की सड़क पर ऑटो बिना मानक पूरा किए फर्राटा भर रहे हैं। आटो एवं ई रिक्शा चालक अधिक कमाई के लालच में तीन वारी के स्थान पर आठ से दस सवारियां तक बैठा लेते है। क्षमता से अधिक सवारियों के बैठने से हादसे की आशंका भी बढ़ जाती है। वहीं सवारियों को भी परेशानी झेलनी पड़ती है।

---

# कवर फसल एवं प्लास्टिक मल्चिंग का दिया गया तकनीकी प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद में मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आत्मनिर्भर स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए जैविक खेती का प्रशिक्षण जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा दिया गया। यह प्रशिक्षण प्रचार्या डॉक्टर सरिता पांडे के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉ प्रीति नेगी के सहयोग से दिया जा रहा है। कवर फसल मुख्य रूप से फसल उपज के बजाय मिट्टी के लाभ के लिए उगाई जाती है। कवर फसलों का उपयोग आमतौर पर खरपतवारों को दबाने मिट्टी के कटाव का प्रबंधन करने मिट्टी की उर्वरता एवं गुणवत्ता में सुधार और कीटों तथा रोगों के लिए नियंत्रित करने में मदद के लिए उपयोग किया जाता है। घांस फलियां और चौड़ी पत्ती वाली गैर फलियों वाली फसलों का उपयोग किया जाता है। मिट्टी में सुधार के लिए मृदा स्वास्थ्य और उर्वरता नाइट्रोजन स्थिरीकरण एवं नमी संरक्षण आवश्यक है। मल्चिंग, आच्छादन के अंतर्गत भूमि में नमी संरक्षण खरपतवार नियंत्रण तथा भूमि के कटाव को रोकने एवं फसल उत्पादन में वृद्धि के लिए मल्चिंग किया जाता है। जैविक मल्चिंग के अंतर्गत पत्तियां घास की कतरन पीट मोस लकड़ी के टुकड़े पेड़ों की छाल की कतरन एस्ट्रा मल्च पाइन एस्ट्रा कार्डबोर्ड। अखबार आदि तथा कृत्रिम पदार्थ के अंतर्गत रबर एवं प्लास्टिक मल्चिंग के उपयोग का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया।

### कार की टक्कर से बालिका की थमी सांसें

**कटनी।** सड़क किनारे खड़ी एक चार वर्षीय मासूम बालिका को कार चालक ने टक्कर मार दी और वाहन लेकर फरार हो गया। घटना के बाद बालिका को अस्पताल ले जाया गया जहां पर उसकी मौत हो गई। हादसा बाकल थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम राजासलैया में हुआ। घटना की जानकारी लगते ही बाकल पुलिस हरकत में आई और कार चालक की तलाश में घेराबंदी शुरू कर दी। कुछ देर के अंदर ही आरोपी कार चालक कार सहित गिरफ्तार हो गया। बाकल थाना प्रभारी प्रतीक्षा सिंह चंदेल ने बताया कि गत शाम लगभग 4 बजे ग्राम राजासलैया निवासी 4 वर्षीय मुस्तबिया पिता नसीम शाह सड़क किनारे खड़ी थी। इसी दौरान कार क्रमांक एमपी 19 सीसी 5320 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बालिका को टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद कार चालक कार लेकर बाकल की तरफ भाग निकला।

---

*स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत ग्राम नैगवां के समीप हुआ हादसा*

# हाईवे में बस ने तीन कारों को मारी टक्कर, हादसे में पांच को आई चोटें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

राष्ट्रीय राजमार्ग पर श्रद्धालुओं को लेकर जा रही एक बस ने सामने चल रही तीन कारों को एक के बाद एक टक्कर मार दी। हादसे में तीनों कारें क्षतिग्रस्त हो गई और कार सवार लगभग आधा दर्जन श्रृद्धालू घायल हो गए। स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नैगवां के समीप हुआ।



### 5 यात्रियों को मामूली चोट

स्लिमनाबाद थाना प्रभारी अखिलेश दहिया ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम नैगवां के समीप रात लगभग 8 बजे श्रद्धालुओं को लेकर प्रयागराज जा रही बस क्रमांक एन एल 01 बी 2483 तेज रफ्तार से जाते हुए सामने अपनी ही दिशा में सामने चल रही एक के बाद एक तीन कारों को टक्कर मार दी। टक्कर के कारण तीनों कारें क्षतिग्रस्त हो गई और कार में सवार प्रयागराज जा रहे लगभग पांच श्रद्धालु घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया गया। घटना के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर आवागमन अवरुद्ध हो गया था जिसे त्वरित कार्यवाही करते हुए खुलवाया जा रहा है। घटना में कोई भी श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ है सभी को सामान्य चोटें आई हैं। टक्कर के कारण दो कारें अत्यधिक क्षतिग्रस्त हो गई हैं। बस को जप्त करते हुए कार्यवाही की जा रही है।

### वरिष्ठ प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों ने लिया जायजा

एक के बाद एक हो रहे सड़क हादसों को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन, अपर कलेक्टर श्रीमती साधना परस्ते सहित शहर के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं प्रशासनिक अधिकारी ब्लैक स्पॉट पर पहुंचे। अधिकारियों ने ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण करते हुए हादसों के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक एवं अपर कलेक्टर ने एनएचआई के अधिकारियों को ब्लैक स्पॉट में आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए।

---

## सुव्यवस्थित यातायात बनाये रखने दी गई हिदायत



यातायात हाईवे सुरक्षा चौकी प्रभारी सूबेदार मोनिका खड़से एवं चौकी के स्टाफ द्वारा हाईवे पेट्रोलिंग के दौरान नेशनल हाईवे 43 पर स्थित गाँवों में सड़क पर बेतरतीब खड़े वाहनों को सड़क से अलग करवाया एवं वाहन चालकों, दुकानदारों एवं आमजन को सुगम यातायात का महत्व बताते हुए यातायात नियमों का पालन करने की समझाईश दी गयी साथ ही दुकानदारों को यह हिदायत दी गयी कि वे अपना सामान दुकान के अंदर ही रखेंगे सड़क पर नहीं रखेंगे एवं वाहन चालक व आमजन भी सड़क के किनारे खाली जगह पर ही अपने वाहनों को सुव्यवस्थित तरीके से खड़ा करें।

---

# पेयजल समस्याओं से निजात दिलाने 8 ग्राम पंचायतों में 27 लाख से होंगे कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरही

ग्रामीणों की बुनियादी सुविधाओं और आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की मांग पर जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा ,बहोरीबंद और विजयराघवगढ़ में विभिन्न प्रकार के निर्माण एवं विकास कार्यों हेतु 27 लाख की प्रशासकीय स्वीकृतियां जारी की है। ग्रीष्मकाल की आहट मिलते ही पेयजल की समस्याओं से निजात दिलाने विकासखंड बहोरीबंद की 8 ग्राम पंचायतों में बोर खनन के कार्य कराए जाएंगे।

### इन पंचायतों में होंगे कार्य

जिला पंचायत के सीईओ श्री गेमावत के द्वारा जारी प्रशासकीय स्वीकृति आदेशों के मुताबिक पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं 15वें वित्त आयोग की अनुशंसा के आधार पर विकासखंड ढीमरखेड़ा की ग्राम पंचायत पचपेड़ी और देवरी पाठक में तीन-तीन लाख रुपए की लागत से सीसी नाली निर्माण का कार्य कराया जाएगा। इसी प्रकार विजयराघवगढ़ की खजुरा ग्राम पंचायत में 7 लाख रुपए की लागत से नाली निर्माण कार्य होगा। जनपद पंचायत बहोरीबंद की ग्राम पंचायत बाकल और चांदन खेड़ा में तीन-तीन लाख रुपए की लागत से तालाब जीर्णोद्धार कार्य कराए जाने हेतु प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

जिला पंचायत के सीईओ द्वारा जारी प्रशासकीय स्वीकृति के अनुसार विकासखंड बहोरीबंद की ग्राम पंचायत गुदरी, डिहुटा, कूड़न में दो, बरही, मटवारा, कौड़ियां और खिरहनी में एक लाख रुपए की लागत से बोर खनन के कार्य कराए जाएंगे।

जिला पंचायत के सीईओ श्री गेमावत ने संबंधित ग्राम पंचायतों को क्रियान्वयन एजेंसी बनाया है तथा निर्धारित शर्तों के मुताबिक तय समय सीमा में तकनीकी मापदंडों का पालन करते हुए कार्य कराए जाने हेतु निर्माण एजेंसी एवं तकनीकी अधिकारियों को निर्देशित किया है। प्रशासकीय स्वीकृति आदेश, डिस्टिक प्लानिंग कमेटी में अनुमोदित कार्य योजना, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन यंत्री एवं सहायक यंत्री के द्वारा प्रदाय तकनीकी स्वीकृति के अनुसार जारी किए गए हैं।

---

*वरिष्ठ पार्षद ने प्रमुख सचिव को पत्र लिख जांच करने की मांग*

# अनुपयोगी एवं अवैध खरीदी से बिगड़ गई स्थिति, जांच कर दोषियों पर हो कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर निगम के वरिष्ठ पार्षद मिथलेश जैन द्वारा प्रमुख सचिव, नगरीय प्रशासन एवं विकास, म.प्र. शासन के स्थानीय निधि संपरीक्षा के संचालक एवं क्षेत्रीय संचालक के साथ साथ नगर निगम आयुक्त को एक पत्र लिखकर यह अवगत कराया है कि नगर निगम कटनी में विभिन्न विभागों में नियमों का उल्लघंन करते हुए लाखो, करोड़ों रुपये की अनुपयोगी सामाग्रियॉ क्रय की गई है । यह सामाग्रियॉ क्रय करने में म.प्र. नगर पालिका (मेयर इन कौंसिल/प्रेसीडेंट इन कौंसिल के कामकाज का संचालन एवं पदाधिकारियों की शक्तियॉ एवं कत्र्तव्य) नियम 1998 का नियम 5 (तीन) एवं भण्डार क्रय नियमों एवं अन्य विधि नियमों का पालन नहीं किया गया है ।

पत्र में यह आरोपित किया गया कि खरीदी गई सामाग्रियों की खुले बाजार से निविदा आंमत्रित करके नहीं खरीदी गई । पत्र में यह आरोपित किया गया कि खरीदी गई सामाग्रियों में विद्युत सामाग्री, सार्वजनिक फोर-वे मूत्रालय, मोबाईल टॉयलेट, सीवर क्लीनिंग मशीन, एस गैस एनालाईजर, ब्रिथिंग अर्पाटस सिलेण्डर, सक्सन कम जेटिंग मशीन आदि खरीदी गई है, जिनका कहीं अता पता नहीं है ।

इसी प्रकार कटनी एम.एस.डब्ल्यू. के द्वारा हर 06 वर्ष में कचड़ा परिवहन वाहन खरीदे जाने थे लेकिन उनके द्वारा नहीं खरीदे गये । इस पर नगर निगम के अधिकारियों द्वारा कटनी एम.एस. डब्ल्यू के ठेकेदार को अवैध फायदा पहुँचाने के लिए नगर निगम मद से कचड़ा वाहन खरीद कर कटनी एम.एस. डब्ल्यू को दे दिये हैं जबकि उसे खरीद करने के लिए डी.पी.आर. एवं अनुबंध में कोई उल्लेख नहीं है तथा कोई बजट प्रावधान भी नहीं था तथा नीतिगत मामला होने एवं पूरे नगर से संबंधित होने के कारण भी म.प्र. नगर पालिका (मेयर इन कौंसिल/प्रेसीडेंट ऑफ कौंसिल के कामकाज का संचालन एवं पदाधिकारियों की शक्तियॉ एवं कत्र्तव्य) नियम 1998 का नियम 5 (तीन) के अंतर्गत निगम परिषद की कोई स्वीकृति प्राप्त नहीं की गई । इस राशि का कोई समायोजन भी नहीं किया गया । निगम विरुद्ध खरीदी एवं निगम परिषद की सक्षम स्वीकृति न होने के बावजूद उक्त खरीदी कार्यों के भुगतान के बिलों का अनुमोदन कटनी के वरिष्ठ संपरीक्षक, स्थानीय निधि संपरीक्षा कटनी के द्वारा भी कर दिया गया है और अपने कर्तव्यों का पालन नहीं किया गया है।

मिथलेश जैन द्वारा आरोपित किया गया है कि नगर निगम अधिकारियों, कर्मचारियों के द्वारा की अनुपयोगी व अवैध खरीदी से नगर निगम की वित्तीय स्थिति पूर्णतः गड़बड़ा गई है । करोड़ों रुपये की एफ.डी.आर. तोड़कर उक्त राशियों से भुगतान किया गया है । महापौर एवं मेयर इन कौंसिल को जानकारी होने के बावजूद भी उनके द्वारा इस संबंध में न तो जॉच बैठाई गई है और न ही कार्यवाही की गई है । पत्र में मांग की गई है कि उच्च स्तरीय जॉच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की जावे।

---

**जीआईएस - 2025, भोपाल में होगा वैश्विक निवेशकों का महासंगम**

# ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में कटनी के 250 उद्योगपति होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं और विशिष्ट मेहमानों की सूची भी लगभग फाइनल हो चुकी है। राज्य सरकार ने प्रदेश में मौजूद अपार संभावनाओं से परिचित कराने के लिए करीब 60 देशों से उद्यमियों को आमंत्रित किया है। इसमें 13 राजदूतों, 6 उच्चायुक्तों और प्रमुख रणनीतिक देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले कई महावाणिज्यदूतों की भागीदारी भी सुनिश्चित हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव की अनूठी पहल देश के महानगरों में उद्योगपतियों के साथ मीटिंग और यूके, जर्मनी और जापान में निवेशकों को आकर्षित करने रोड-शो के आयोजन ने न सिर्फ क्षेत्रीय उद्योगों को एक सुदृढ़ प्लेटफार्म दिया है बल्कि अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों ने प्रदेश में निवेश की रुचि दिखाई है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 में शामिल होनें के लिए कटनी जिले के करीब 250 अद्योगपति शामिल होंगे।

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में राजनयिक कोर की भागीदारी का नेतृत्व जर्मनी, जापान, स्विट्जरलैंड और मलेशिया के महावाणिज्यदूतों सहित मिशनों के प्रमुखों द्वारा किया जा रहा है। इसमें यूनाइटेड किंगडम, पोलैंड, नीदरलैंड और कनाडा के वरिष्ठ राजनयिक प्रतिनिधि भी शामिल हैं। राजनयिक उपस्थिति को और प्रभावी करते हुए, नेपाल, मोरक्को, जिम्बाब्वे, अंगोला और बुर्किना फांसो के राजदूतों के साथ रवांडा, सेशेल्स, जमैका, लेसोथो और युगांडा के उच्चायुक्तों ने अपनी भागीदारी की पुष्टि की है।

जीआईएस भोपाल में विश्व बैंक की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। जीआईएस में विश्व बैंक का नेतृत्व कंट्री डायरेक्टर ऑगस्टे तानो क़ौमे कर रहे हैं। उनके साथ इंफ्रास्ट्रक्चर और डिजिटल परिवर्तन के वरिष्ठ विशेषज्ञ भी मौजूद रहेंगे। इसके अतिरिक्त निवेश संवर्धन एजेंसियों के संगठन (डब्ल्यूएआईपीए) का प्रतिनिधित्व उप कार्यकारी निदेशक दुष्यंत ठाकोर करेंगे।

जीआईएस भोपाल में विकसित अर्थव्यवस्थाओं की प्रमुख व्यापार और निवेश संवर्धन एजेंसियों ने भी अपनी भागीदारी की पुष्टि की है। इनमें महानिदेशक श्री हिरोयुकी कितामुरा के नेतृत्व में जेट्रो (जापान), निदेशक सुश्री सीमा भारद्वाज के प्रतिनिधित्व में जर्मन ट्रेड एंड इन्वेस्ट और इन्वेस्ट ओटावा का वरिष्ठ नेतृत्व शामिल हैं। शिखर सम्मेलन में इतालवी व्यापार एजेंसी, कनाडा की व्यापार आयुक्त सेवाएं, ऑस्ट्रेड (ऑस्ट्रेलिया) और मैट्रेड (मलेशिया) का भी प्रमुख प्रतिनिधित्व है, जो मध्यप्रदेश में मजबूत क्रॉस-महाद्वीपीय निवेश रुचि को दर्शाता है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 को द्विपक्षीय चौंबर्स ऑफ कॉमर्स से भरपूर समर्थन मिला है, जो प्रमुख आर्थिक साझेदारियों का प्रतिनिधित्व करते हैं। प्रबंध निदेशक श्री स्टीफन हालुसा के नेतृत्व में इंडो-जर्मन चौंबर ऑफ कॉमर्स (आईजीसीसी) और जर्मन इंडियन इनोवेशन कॉरिडोर (जीआईआईसी) भारत-जर्मन आर्थिक सहयोग में महत्वपूर्ण विशेषज्ञ लेकर आए हैं। सिंगापुर के आर्थिक हितों का प्रतिनिधित्व सिंगापुर इंडियन चौंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एसआईसीसीआई) द्वारा किया जाता है। इसके अध्यक्ष श्री मनीष त्रिपाठी हैं, जो प्रौद्योगिकी और निवेश के अवसरों पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

जीआईएस की विविध द्विपक्षीय भागीदारी में चेयरमैन श्री रमेश अय्यर के नेतृत्व में कोरिया में भारतीय चौंबर ऑफ कॉमर्स (आईसीसीके), अध्यक्ष श्री जे.जे. सिंह के प्रतिनिधित्व वाले इंडो-पोलिश चौंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (आईपीसीसीआई) और इंडिया जिबूती चौंबर ऑफ कॉमर्स (आईडीसीसी) शामिल हैं। ये चौंबर सीमा पार निवेश को सुविधाजनक बनाने और मध्यप्रदेश और उनके संबंधित क्षेत्रों के बीच आर्थिक संबंधों को सशक्त बनाने में बहुमूल्य विशेषज्ञ लेकर आए हैं।

जीआईएस में शामिल होने वाले रूस के उल्यानोवस्क क्षेत्र के गवर्नर रुस्किख अलेक्सई युरेविच रूस के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। इसमें वरिष्ठ अधिकारी और व्यापारिक नेतृत्व शामिल हैं।

---

# 1 अप्रैल की स्थिति में जारी हुई सभी संवर्ग की अंतरिम वरिष्ठता सूची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी.सिंह ने बताया की 1 अप्रैल की स्थिति में सभी संवर्गों की अंतरिम वरिष्ठता सूची का प्रकाशन किया गया है जिसमें प्राचार्य संवर्ग, व्याख्याता, उच्च माध्यमिक शिक्षक, उच्च श्रेणी शिक्षक, प्रधानाध्यापक माध्यमिक शाला एवं माध्यमिक शिक्षकों की राज्य स्तरीय अंतरिम वरिष्ठता सूची का प्रकाशन करते हुए सर्व संबंधितों से सूची में विसंगतियों के संबंध में दावा आपत्तियां मंगाई गयी है।

उक्त आदेश के परिपालन में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों को पदक्रम सूची को विकासखण्ड स्तर पर सूचना पटल में प्रकाशित करने एवं सभी संबंधितों को अवलोकन कराएं यति इसी लोकसेवक की जानकारी सूची त्रुटिपूर्ण है तो उसे सुधार हेतु आवेदन प्राप्त कर प्रमाण सहित अभ्यावेदन विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिए गए है।

जिला स्तर पर 1 अप्रैल की स्थिति में सहायक शिक्षक सहायक शिक्षक विज्ञान एवं प्राथमिक शिक्षक, प्राथमिक शिक्षक विज्ञान की अंतरिम वरिष्ठता सूची का प्रकाशन किया गया है सर्व संबंधितों से सूची में विसंगतियों के संबंध में ठावा आपत्तियां मंगाई गयी है जिसके परिपालन में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि पदक्रम सूची को विकासखण्ड स्तर पर सूचना पटल पर प्रकाशित करने एवं सभी संबंधितों को अवलोकन कराते हुए किसी लोक सेवक की जानकारी सूची में त्रुटिपूर्ण है तो उनसे सुधार हेतु आवेदन प्राप्त कर प्रमाण सहित अभ्यावेदन विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से प्रस्तुत किये जाने के निर्देश है।

खबर संक्षेप

### होटल, लॉज के संचालकों को थाने में देनी होगी ठहरने वाले व्यक्तियों की जानकारी

**अनूपपुर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी हर्षल पंचोली ने आदेश जारी कर कहा है कि जिला अनूपपुर अन्तर्गत होटल, लॉज एवं किराये के मकान अत्यधिक संख्या में संचालित है, जिनमें बाहरी व्यक्ति आकर ठहरते हैं एवं किराये के मकान में निवास करते हैं। जिला अन्तर्गत संचालित होटल, लॉज, धर्मशाला, रैन बसेरा में आने वाले एवं निवास करने वाले समस्त व्यक्तियों की विधिवत जानकारी सम्बन्धित थानों में देना आवश्यक है। जिसका पालन नहीं हो रहा है, जिसके कारण आपराधिक घटनाओं में वृद्धि होती है तथा सूचना सम्बन्धित थाना में नहीं देने के कारण अपराधियों के फरार होने की संभावना होती है। उक्त स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए जिला अनूपपुर अन्तर्गत संचालित समस्त होटल, लॉज, धर्मशाला, रैन बसेरा के मकान मालिक संचालक को उनके प्रतिष्ठानों में ठहरने व निवास करने वाले व्यक्तियों की विधिवत जानकारी संबंधित निकटतम थाने में देना अनिवार्य होगा। इस संबंध में कलेक्टर ने जिले के सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि थाना क्षेत्रान्तर्गत उक्त सम्बन्ध में होटल, लॉज, धर्मशाला, रैन बसेरा एवं किराये के मकान में रहने वाले व्यक्तियों की जानकारी संधारित करना सुनिश्चित करें।

### विभिन्न फीडरों में आज विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**अनूपपुर।** म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमि. अनूपपुर के अधीक्षण अभियंता ने बताया है कि उप संभाग अनूपपुर अंतर्गत आर.डी.एस.एस. अंतर्गत मेसर्स अग्रवाल पॉवर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा धनपुरी से चचाई तक 33 के.व्ही. कण्डक्टर क्षमता वृद्धि का कार्य किया जाएगा। उक्त कार्य के प्रभावी रूप से सम्पादन हेतु 11 के.व्ही. केल्हौरी फीडर से संबंधित समस्त उपभोक्ताओं के यहां 23 फरवरी को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक विद्युत आपूर्ति अवरुद्ध रहेगी। कार्य के अनुसार विद्युत आपूर्ति अवरुद्ध रहने की समयावधि को बढ़ाया या घटाया जा सकता है।

### कलेक्टर ने बैठक में राजस्व मामलों के संबंध में किया ओरियन्टेशन



**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण हेतु समय-सीमा एवं ईमानदारी से काम करें। जनता के जीवन को आसान बनाना हमारा दायित्व है। उन्होंने कहा कि सभी राजस्व अधिकारी राजस्व न्यायालय की गरिमा बनाए रखें तथा लंबित प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता एवं गंभीरता के आधार पर करें। राजस्व न्यायालयों में नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दुरुस्ती, सीमांकन के लंबित प्रकरणों का निराकरण, नये राजस्व प्रकरणों को राजस्व न्यायालयों में दर्ज कराना, नक्शे पर तरमीम, फार्मर रजिस्ट्री के प्रकरणों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जिले में सभी निरस्त होने वाले राजस्व प्रकरणों का पुनः परीक्षण किए जाने एवं त्रुटिपूर्ण नक्शा सुधार एवं निराकरण किये जाने के निर्देश दिये। कलेक्टर हर्षल पंचोली आज कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में आयोजित राजस्व विभाग की बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। बैठक में कलेक्टर ने बारी-बारी से पटवारियों से नामांतरण, बंटवारा,नक्शा तरमीम, नकल, अभिलेख दुरुस्ती, सीमांकन के लंबित प्रकरणों का निराकरण संबंधी जानकारी भी प्राप्त की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी राजस्व प्रकरण का दस्तावेजीकरण अद्यतन होना चाहिए। बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शनिवार को साप्ताहिक अनुभाग स्तरीय राजस्व बैठक आयोजित किया जाए, जिसमें राजस्व निरीक्षकों एवं पटवारियों से राजस्व प्रकरणों के निराकरण एवं प्रगति की समीक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा कभी भी राजस्व कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया जा सकता है। कलेक्टर ने जिले के पटवारियों से लैपटॉप उपलब्धता की जानकारी प्राप्त करते हुए उन्हें आगामी बैठक में लैपटाप के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी अपनी कार्यशैली सुधारे तथा राजस्व कार्यों में गति लाएं। कलेक्टर ने कहा कि राजस्व के लंबित प्रकरणों के निराकरण की वस्तुस्थिति की समीक्षा उनके द्वारा आकस्मिक रूप से राजस्व न्यायालयों का भ्रमण कर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राजस्व प्रकरणों के अंतिम निराकरण भी फाईल में जांच कर किया जाएगा। उन्होंने राजस्व न्यायालयों के आदेशों का सख्ती से पालन करने संबंधी पटवारियों को निर्देश दिए।

## जेएमएस कंपनी के खिलाफ 100 से ज्यादा किसानों का प्रदर्शन

# गेट में तालाबंदी कर शुरू किया हड़ताल

**मांग पूरी होने तक करेंगे प्रदर्शन, भूख हड़ताल भी करेंगे प्रारंभ**

क्षेत्र में स्थापित जेएमएस कंपनी में भर्ती किए गए स्थानीय गांव के कर्मचारियों की सैलरी इंक्रीमेंट, अंडरग्राउंड अलाउंस, पीएफ छुट्टी व अन्य सुविधाओं से वंचित किए जाने से परेशान होकर 100 से ज्यादा कर्मचारियों के द्वारा शनिवार को ताला बंद कर प्रदर्शन शुरू किया गया।



**अनूपपुर।**

पीड़ति किसान बिहारी लाल साहू, सूरज साहू, राजा साहू, शिवांशु दहिया, भूपेंद्र सिंह, प्रेमलाल, जीवन चौधरी, पार्वती साहू, लोकनाथ सिंह, कैलाश सिंह, राजेश प्रसाद, महेश साहू सहित अन्य लोगों द्वारा प्रदर्शन के दौरान बताया गया कि जेएमएस कंपनी उरतान नॉर्थ कोल माइंस परियोजना के अंतर्गत ग्राम बसखला में पिछले डेढ़ वर्षो से स्थापित है। कंपनी द्वारा 120 से ज्यादा किसानों को जमीन के बदले स्थाई नौकरी प्रदान की है, लेकिन कंपनी के द्वारा शासन एवं कोल अधिनियम के तहत दी जाने वाली सुविधा व उसके नियमों का पालन नहीं कर रही है। कर्मचारियों द्वारा अपनी मांगों को लेकर पूर्व में ही जिला कलेक्टर, एसडीएम एवं थाना कोतमा में सूचना दी गई थी। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों की मांग है कि स्थानीय कर्मचारियों का सालाना इंक्रीमेंट नहीं दिया जा रहा है जिसे दिया जाए, बीते अगस्त माह में काम करने वाले श्रमवीरों को अंडरग्राउंड अलाउंस भी नहीं दिया गया जो देना चाहिए, सभी कर्मचारियों का बेसिक एवं डी ए का 12% पीएफ राशि दिया जाए, कंपनी अपने पुराने कर्मचारियों को जो छुट्टी दे रही है वही छुट्टी स्थानिक कर्मचारियों को भी दी जाए। सभी लोकल कर्मचारियों का एक संगठन बनाया जाए, नेशनल कोल वेजेस की बेसिक सैलरी प्रदान की जाए एवं कंपनी व कोल अधिनियम के द्वारा जो सुविधाएं हैं उसे भी दिया जाए। सभी स्थानीय कर्मचारियों को समान कार्य वेतन दिया जाए। कंपनी के खिलाफ सुबह से कर्मचारियों के द्वारा गेट में तालाबंदी कर प्रदर्शन शुरू किया गया। कर्मचारियों का कहना है कि जब तक कंपनी के प्रबंधन द्वारा बातचीत कर हमारी मांगों को पूरा नहीं किया जाता तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा और भूख हड़ताल भी प्रारंभ किया जाएगा। जिसकी समस्त जवाबदारी कंपनी प्रबंधन की होगी। कंपनी के खिलाफ प्रदर्शन को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड में नजर आया मौके पर तहसीलदार ईश्वर प्रधान, यस डी ओ पी आरती शाक्य थाना प्रभारी सुन्द्रेश सिंह, भालूमाडा थाना प्रभारी संजय खलखो सहित भारी संख्या में पुलिस बल सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मुस्तैद रहा।

**इनका कहना है**

कंपनी प्रबंधन द्वारा शासन के नियमानुसार सुविधाएं प्रदान की जा रही है। अन्य जो जायज मांग है उसके लिए उच्च प्रबंधन प्रयासरत है। संजय कहरा सब एरिया मैनेजर जेएमस कंपनी स्थानीय कर्मचारियों एवं कंपनी प्रबंधन के बीच बातचीत की जा रही है। प्रदर्शन के बारे में उच्च अधिकारियों को जानकारी दी जा रही है।

**ईश्वर प्रधान तहसीलदार कोतमा**

## अंतर्राज्यीय महिला चोर गिरोह का पुलिस ने किया पर्दाफाश 6 आरोपी गिरफ्तार, चौकी वेंकटनगर पुलिस की कार्यवाही



**अनूपपुर।**

20 फरवरी को फरियादी मो. इकबाल पिता इस्माईल शेख उम्र 45 वर्ष निवासी गोरखपुर वार्ड क्र. 14 गौरेला जिला जीपीएम छ.ग. के द्वारा सूचना दी गई कि बाजार मे दुकान लगाकर रेडीमेंट कपडे का धंधा करता हूं। 20 फरवरी को मैं वेंकटनगर बाजार मे गणेश गुप्ता के बगल में दुकान लगाया था तभी मेरी दुकान में 4/5 महिलाएं आई थी उस समय 5.30 बजे थे। कपडा दिखाने के लिये बोली तो उनको पेन्ट शर्ट दिखाया तो कपडे देख रही थी मै दूसरे ग्राहक को कपडे दिखाने लगा तब तक महिलाएं चली गई मै सामान कपडे देखा तो पांच नग जीन्स पेन्ट एवं 03 नग शर्ट कीमती 2700 रुपए के नही थे उसी समय मेरी दुकान के पास पूजा चौधरी सिंहपुर की बताई कि मेरा पर्स चोरी हो गया पर्स मे विवो कम्पनी का मोबाईल और 400 रुपए नगदी थी तथा कपडा दुकानदार अखिलेश कुमार नामदेव बताया कि मेरी दुकान मे भी 6 बजे शाम करीब पांच महिलाएं आई थी साडी पेटीकोट, स्टाल देख रही थी। 5 नग साडी, 2 स्टाल दो पेटीकोट नही है कुल कीमती करीब 16000 रुपये का चोरी हो गया है। तब सभी लोग मिलकर एवं निहाल अहमद, अक्कू केशवानी के साथ महिलाओं की तलाश किये। वेंकटनगर पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक मोती उर्र रहमान, अति.पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी, एसडीओपी अनूपपुर सुमित केरकेट्टा के निर्देशन मे थाना प्रभारी जैतहरी उनि विपुल शुक्ला के मार्गदर्शन मे तत्परता दिखाते हुये जनसहयोग एंव दुकानदारो के सहयोग से वेंकटनगर पुलिस द्वारा चोरी के गिरोह को पता लगाकर पकडा गया जिसमे आरोपी बाबी बाई, रीना बसोर, रंजीत बसोर तीनो निवासी ग्राम सलका थाना बैंकुठपुर जिला कोरिया, फुलकुंवर बसोर, सोनकुंवर बसोर, रूपा बसोर तीनो निवासी चंपाझार थाना पटना जिला कोरिया (छ.ग.) से पूछताछ की गई जो साप्ताहिक बाजार मे आकर दुकानदारो की दुकान मे भीडभाड मे घुसकर सामान चोरी करना बताये एवं मौका पाकर पर्स मोबाईल चोरी करने बताये जो आरोपियों के कब्जे से चोरी गया मोबाईल, पर्स, नगदी, साडी जींस पेन्ट स्टाल पेटीकोट कुल कीमती 16000 का नगदी एवं सामान जप्त कर आरोपियो को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही मे उनि अमरलाल यादव चौकी प्रभारी वेंकटनगर, प्रआर सुखदेवराम भगत, आर बलराम पेकरा, सोनू पर्ते, म.प्र.आर लेखनवती, प्रआर रामेश्वर सिंह सहयोग सराहनीय रहा।



## आरओबी निर्माण कार्यों की प्रगति की एसडीएम, तहसीलदार ने की समीक्षा

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय में संचालित रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) के निर्माण कार्यों के अद्यतन प्रगति की मौके पर एसडीएम अनूपपुर सुधाकर सिंह बघेल, तहसीलदार अनुपम पाण्डेय के द्वारा समीक्षा की गई। मौके पर नायब तहसीलदार मंगल दास चक्रवर्ती सहित रेलवे, सेतु निगम के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। आरओबी कार्य स्थल पर पेड़ कटाई कार्य प्रगति पर देखा गया। साथ ही मौके पर विद्युत संबंधी कार्य भी प्रारंभ पाया गया। निर्माण कार्य के संबंध में रेलवे एवं सेतु निगम के अधिकारियों द्वारा एसडीएम एवं तहसीलदार को अवगत कराया गया। मौके पर एसडीएम ने आरओबी कार्यों की प्रगति हेतु निर्माण कार्यों को गतिपूर्वक करने हेतु अमले को बढ़ाए जाने तथा कार्यों के नियमितता पर जोर दिया।

## निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा कर कलेक्टर ने कार्यों में गति लाने पर दिया जोर

### शिथिलता पर कार्यवाही की दी चेतावनी



**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जिले के विभिन्न निर्माण विभागों द्वारा संचालित अधोसंरचना कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्माण कार्यों के अद्यतन प्रगति की समीक्षा कर कार्यों की पूर्णता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों के लिए चिन्हांकित वन भूमि संबंधी प्रकरणों का अधिकारी स्वयं रुचि लेकर अनुमति संबंधी कार्यवाही पूर्ण कर निर्माण कार्यों के पूर्णता पर कार्य करें। उन्होंने लोक निर्माण विभाग (भवन), प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क विकास योजना, मध्यप्रदेश रोड डेवलपमेंट कार्पोरेशन, ऊर्जा, लोक निर्माण विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, सर्व शिक्षा अभियान तथा जल संसाधन एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा सहित निर्माण विभागों के प्रमुख तथा अनुविभागीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग (भवन) के कार्यों की समीक्षा करते हुए वन विभाग से संबंधित वनाधिकार तथा प्रवेश पोर्टल की कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने वेंकटनगर रेस्ट हाऊस तथा कन्या महाविद्यालय अनूपपुर तथा महाविद्यालय राजेन्द्रग्राम के कार्यों के अप्रैल माह तक पूर्ण करने, नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के निर्माण कार्य 31 मार्च तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में आवास निर्माण की व्यवस्था भी पूर्ण की जाए, जिससे पदस्थ चिकित्सक वहीं रहकर स्वास्थ्य संबंधी दायित्वों को जिम्मेदारी से पूर्ण कर आम जन को सुलभ स्वास्थ्य व्यवस्था उपलब्ध करा सकें। कलेक्टर ने अमरकंटक रोड स्थित एमपीआरडीसी के बीच सड़क में बने टोल प्लाजा को दुर्घटना की संभावना को देखते हुए हटाए जाने संबंधी कार्यवाही एक सप्ताह में पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के खेरना नाला स्थित स्टाप डेम में वन विभाग संबंधी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर निर्माण कार्यों की पूर्णता पर बल दिया। ग्राम रेउंदा स्थित सामुदायिक भवन निर्माण संबंधी भूमि का निर्धारण तहसीलदार से समन्वय कर निराकृत करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत दमना मार्ग, जरहा से बैगा बस्ती, सुआडांड़ से टंगरीटोला, करौंदी से आमाटोला के निर्माण कार्य अप्रैल माह तक पूर्ण करने, सोनिया मार्ग से खाल्हेटोला तक व खाल्हेदूधी से बैगानटोला व तरेराटोला से शीतलपानी मार्ग को जून माह तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल संसाधन विभाग को सीतामढ़ी व राजाकछार डेम निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए कार्यपालन यंत्री को आवश्यक निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग के अनूपपुर बायपास बोदा से लखौरा मार्ग, हर्री रेलवे अण्डर ब्रिज कार्य, जैतहरी से लतार, जैतहरी से महुदा, बेलडोंगरी से चेचरी तथा मेनरोड से कोयलारी, सिवनी से बलबहरा मार्गों के निर्माण संबंधी कार्य आगामी 2 माह में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने थानगांव में विद्युतीकरण तथा आईटीआई अनूपपुर के समीप स्थित स्टेडियम के निर्माण कार्यों के संबंध में लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री को निर्देशित किया।

## कोतमा पुलिस ने ठगी के आरोपी को मिर्जापुर से किया गिरफ्तार

### आरोपी के कब्जे से डेढ़ लाख नगदी सहित फर्जी रसीद व फाइल जप्त

**कोतमा।**



आदिवासी अंचल क्षेत्र में ठगी की घटनाएं लगातार सामने आती रहती हैं। शातिर ठगो के द्वारा एक से एक नए तरीके अपना कर स्थानीय लोगों की रकम ऐठकर फरार हो जाते हैं। कोतमा पुलिस के द्वारा लोन दिलाने के नाम से 2 लाख की ठगी के आरोपी मनोज बिंद निवासी गंगोत जिला मिजार्पुर से गिरफ्तार कर थाने लाई है। आरोपी के कब्जे से 1 लाख 48 हजार नगद सहित ठगी में उपयोग किए गए फर्जी रसीद व फाइल को जप्त की गई है। कार्यवाही को लेकर थाना प्रभारी सुन्द्रेश सिंह सिंह ने बताया कि आरोपी मनोज बिंद 44 वर्ष अपने साथी संजय गिरी उत्तर प्रदेश के साथ कोतमा में रुकते हुए पूरे क्षेत्र में घूम-घूम कर लोन दिलाए जाने का झांसा देते हुए कई ग्रामीणों को 14 फरवरी को कंपनी कार्यालय बुलाकर सभी को माइक्रो फाइनेंस कंपनी के नाम से लोन दिए जाने का झांसा देते हुए कार्यालय शुल्क के नाम से 3 हजार से 10 हजार रुपए तक की ठगी 50 से ज्यादा लोगों से दो लाख रुपए एकत्र कर फरार हो गए। एएसआई सुरेश अहिरवार, बृजेश पांडे, संजीव त्रिपाठी की टीम बनाकर आरोपी की गिरफ्तारी हेतु गए थे। आमाडांड, बेलिया बड़ी, मुरधवा सहित अन्य गांव की महिला एवं पुरुषों द्वारा लगातार दो-तीन दिनों तक कार्यालय के चक्कर काटने व फोन बंद होने के बाद अपने आप को ठगा महसूस करते हुए मामले की रिपोर्ट थाना कोतमा में दर्ज कराई।

**इनका कहना है**

कई गांव से बड़ी संख्या में महिलाओं द्वारा ठगी होने को लेकर शिकायत दर्ज कराई गई थी। मामले की जांच पड़ताल के बाद आरोपी को उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार कर कब्जे से ठगे हुए एक लाख अड़तालिस हजार रुपए बरामद किया गया।

**सुन्द्रेश सिंह थाना प्रभारी कोतमा**

## कलेक्ट्रेट परिसर की दीदी आजीविका कैंटीन पर ताला, महिला स्व-सहायता समूहों की आत्मनिर्भरता पर संकट

**अनूपपुर।**




जिले के संयुक्त कलेक्ट्रेट परिसर में लाखों रुपये की लागत से तैयार की गई दीदी आजीविका कैंटीन, जिसे महिला स्व-सहायता समूहों के आर्थिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया था, आज वीरान पड़ी है। इस कैंटीन का उद्घाटन स्वयं कलेक्टर चंद्रमोहन ठाकुर ने 15 फरवरी 2021 को किया था, लेकिन आज इस पर ताले लटके हुए हैं। यह स्थिति न केवल सरकारी योजनाओं की लचर क्रियान्वयन प्रणाली पर सवाल खड़े करती है, बल्कि उन महिलाओं के भविष्य को भी अंधकारमय बनाती है जिन्होंने इस पहल के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने का सपना देखा था। महिला समूहों को रोजगार और आत्मनिर्भरता प्रदान करने के उद्देश्य से यह योजना बनाई गई थी, लेकिन अब यह भवन सूनसान पड़ा है। गौरतलब है कि कैंटीन खुलने से पहले 27 शासकीय विभागों के कर्मचारियों एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को नाश्ता और चाय के लिए बाहर जाना पड़ता था। कैंटीन के शुरू होने से उन्हें यह सुविधा परिसर में ही उपलब्ध हो गई थी, लेकिन अब एक बार फिर वे उसी स्थिति में लौट आए हैं। जब यह कैंटीन खोली गई थी, तब प्रशासन ने इसे स्व-सहायता समूहों की आत्मनिर्भरता की मिसाल बताया था, लेकिन अब जब यह बंद हो चुकी है, तो प्रशासन इस पर ध्यान देने को तैयार नहीं है। यह एक गतिविधि आधारित योजना है, जिसमें जैतहरी विकास खंड के आजीविका के पांच-पांच अधिकारी और कर्मचारी कार्यरत हैं और जैतहरी विकास खण्ड का यह एकमात्र गतिविधि आधारित केंद्र है इसके बावजूद यह बंद पड़ी है। आश्चर्य की बात यह है कि जिला पंचायत कार्यालय और जिला पंचायत में ही आजीविका कार्यालय के प्रमुख भी बैठते हैं, जिनके अधीन संबंधित अधिकारी कार्यरत हैं, फिर भी इस कैंटीन को पुनः संचालित करने की कोई पहल नहीं की जा रही है। इस कैंटीन का संचालन जैतहरी विकासखंड के आजीविका स्व-सहायता समूह द्वारा किया जाता रहा। लंबे समय से यह कैंटीन बंद पड़ी है। जब कभी यह खुलती भी है तो अनियमितता और अव्यवस्थाओं के बीच संचालित होती है। यहां महिलाओं की सहभागिता नगण्य होती जा रही है और संचालन की जिम्मेदारी पुरुषों के हाथों में आ गई है। अगर जिला मुख्यालय में ही ऐसी स्थिति बनी हुई है, तो मुख्यालय से दूर आजीविका योजनाओं की स्थिति कैसी होगी, इसकी कल्पना करना मुश्किल नहीं है।क्या यह सरकारी योजनाओं की विफलता का एक और उदाहरण नहीं है? यह केवल रोजगार का सवाल नहीं है, बल्कि महिलाओं के आत्मनिर्भर बनने के संघर्ष और सरकारी योजनाओं की साख का भी मामला है। यदि प्रशासन जल्द कदम नहीं उठाता, तो यह स्व-सहायता समूहों की सशक्तिकरण योजनाओं की साख पर एक और बड़ा प्रश्नचिन्ह होगा।